# पुनरावृत्ति कार्य पत्रिका

## विषय- हिंदी

## कक्षा 3

**प्रश्न 1. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

गर्मी का मौसम था। गर्मी के दिनों में झीले और तालाब भीषण गर्मी के कारण सूख गए थे। एक कबूतर बहुत प्यासा था। लेकिन उसे कहीं भी पानी नहीं मिल रहा था। कबूतर ने एक दीवार पर पानी का चित्र देखा उसे लगा यह असली है। वह दीवार से टकरा गया कबूतर के कुछ पंख टूट गए और वह भूमि पर गिर पड़ा। यह देखकर राम बहुत दुखी हुआ और उस दिन के बाद राम अपने घर के बाहर एक छोटी कटोरी में पक्षियों के लिए पानी रखने लगा। हमें भी गर्मी के दिनों में अपने घर के बाहर एक कटोरी में पक्षियो के लिए पानी रखना चाहिए।

क) किस पक्षी को प्यास लगी थी?

---

ख) गर्मी की वजह से क्या सूख गए थे?

---

ग) दीवार पर किस का चित्र बना था?

---

घ) इस कहानी से हमे क्या शिक्षा मिलती है?

---

ङ) दो क्रिया शब्द ढूंढ कर लिखें

---

च) वाक्य बनाओ – मौसम

---

**प्ाश्न 2 रिक्त स्थानों को उपयुक्त विशेषण से भरें।**

क) यह एक__________________ पेड़ है। (हरा / नीला)
ख) माँ ने ________________आम खरीदे। (मीठा / लंबा)
ग) हमारे स्कूल का मैदान बहुत _____________है। (बड़ा / ठंडा)
घ) आज पानी बहुत ____________है। (ठंडा / सुंदर)
ङ) यह_______________ किताब मेरी है। (नया / तेज़)
च) उसने __________________फूल तोड़ा। (सुंदर / भारी)
छ) सड़क पर गाड़ी ___________चली। (तेज़ / मीठा)
ज) यह कमरा______________ है। (साफ़ / लंबा)
झ) वह _______________पुल नदी पर बना है। (लंबा / हरा)
ञ) बच्चे _______________गेंद से खेल रहे हैं। (बड़ी / साफ़)

**प्रश्न 3.नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया शब्द को रेखांकित करें।**

क) माँ खाना बना रही है।
ख) राजू गेंद से खेलता है।
ग) पापा समाचार पढ़ रहे हैं।
घ) बगीचे में फूल खिले हैं।
ङ) नानी ने परियों की कहानी सुनाई।
च) आसमान में तारे चमक रहे हैं।
छ) सूरज पूरब से निकलता है।
ज) हम दादी के घर जाएँगे।
झ) हमें सदा सच बोलना चाहिए।
ञ) मैं तीसरी कक्षा में पढ़ता हूँ।

**प्रश्न 4. नीचे दी गई कहानी को पढ़कर, सही स्थान पर सही विराम चिन्ह लगाएं।**

राजू एक छोटे से शहर में रहता था वहाँ उसके बहुत सारे मित्र थे विनय अभिषेक अली मोहित और सोहम मगर उसका सच्चा मित्र कौन था एक दिन राजू ने इसका पता लगाना चाहा उसने विनय से पूछा क्या तुम मेरे सच्चे मित्र हो विनय ने कहा हाँ अगर तुम मुझे आइसक्रीम खिलाओगे तो राजू ने सोचा अरे यह तो बड़ा लालची निकला

**प्रश्न 5.शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखें।**

क) जो बहुत मेहनत करे
ख) जो कपड़े सिए
ग) जो आज्ञा को मानता हो
घ) जल में रहने वाला
ङ) जो मांस खाता हो
च) जो सेना में काम करे
छ) जो डाक लाए
ज) जो वस्तु दूसरे देश की हो
झ) जो डरता नहीं है
ञ) जिसमें दया है
ट) जो बीमारों का इलाज करता है
ठ) जहाँ बच्चे पढ़ने जाते हैं
ड) जो भारत का रहने वाला हो

**प्रश्न 6. मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| क) आँख का तारा | १. शाबाशी देना |
| ख) पीठ थपथपाना | २. भाग जाना |
| ग) नौ दो ग्यारह होना | ३. चुगली करना |
| घ) कान भरना | ४. गुस्सा करना |
| ङ) लाल-पीला होना | ५. बहुत भूख लगना |
| च) पेट में चूहे कूदन। | ६. परिश्रम का फल बहुत कम |
| छ) खोदा पहाड़ निकला चूहा | ७. खतरा मोल लेना |
| ज) अंगारों पर पैर रखना | ८. अड़चन डालना |
| झ) टाँग अड़ाना | ९. पछताना |
| ञ) हाथ मलना | १०. बहुत प्यारा |

**प्रश्न 7. अनुच्छेद लेखन – " मेरी प्रिय अध्यापिका/ अध्यापक"**

**अथवा**

चित्र को देखकर कुछ वाक्य लिखिए।

